घूमर फेस्टिवल 19 को

बीकानेर, (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने 19 नवम्बर को डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में होने वाले घूमर फेस्टिवल के सफल आयोजन के लिए विभिन्न अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

जिला कलेक्टर ने स्टेडियम परिसर में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, कार्यक्रम रूट पर समस्त रोड लाइट चालू करने के के लिए नगर निगम आयुक्त, बैरिकेडिंग, रोशनी एवं अस्थाई स्वागत द्वार बनाने, मंच, साउंड और जनरेटर आदि व्यवस्थाओं के लिए बीकानेर विकास प्राधिकरण के आयुक्त, टेक्निकल स्टाफ की नियुक्ति के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त निदेशक, दर्शकों की बैठक व्यवस्था के लिए उपखंड अधिकारी, स्कूली और कॉलेज विद्यार्थियों की भागीदारी एवं निर्णायक मंडल गठन के लिए कॉलेज शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है।

सांख्यिकी से जुड़े कार्यों के लिए संयुक्त निदेशक आर्थिक और सांख्यिकी, मेडिकल टीम मय एंबुलेंस नियुक्त करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, प्रतिभागियों को लाने और ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था के लिए प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, कार्यक्रम के प्रचार प्रचार के लिए सूचना जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक, स्टेडियम निशुल्क आरक्षित करने के लिए जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिए। निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बकेईईएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि घूमर फेस्टिवल के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव होंगे।

कल पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी

बीकानेर, (कासं)। बीछवाल पम्प हाउस पर आवश्यक मेंटेनेंस एवं रखरखाव का कार्य 15 नवम्बर को प्रस्तावित है। मेंटेनेंस कार्य के चलते शहर के कई क्षेत्रों में शनिवार पेयजल आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता नितेश सागर ने बताया कि जेलवेल जोन, स्टेडियम टंकी क्षेत्र, शंखुडेरा, करणी नगर और सुभाषपुरा क्षेत्र सम्मिलित है।

विभाग ने उपभोक्ताओं से आव्हान किया है कि वे आवश्यक जल का पूर्व में संग्रह कर लें जिससे असुविधा से बचा जा सके। अधिशाषी अभियंता सागर ने बताया कि कार्य पूर्ण होते ही पेयजल आपूर्ति को शीघ्र सामान्य कर दिया जायेगा।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रदर्शनी शुरू

- जिला स्तरीय कार्यक्रम 15 को जिला परिषद में होगा
- राजीविका द्वारा स्वयं सहायता समूहों के स्टाल्स लगाये जायेंगे

बीकानेर, (कासं)। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में तीन दिवसीय प्रदर्शनी गुरूवार को जिला परिषद सभागार में शुरू हुई।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हमें महापुरूषों के कृतित्व का अनुसरण करना चाहिए और उनके प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के 150 वें जयंती वर्ष पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी के प्रयास किए जाएं। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम 15 नवम्बर को जिला परिषद में होगा। इस दौरान राजीविका द्वारा स्वयं सहायता समूहों के स्टाल्स लगाये जायेंगे। साथ ही केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा करवाए जा रहे आदिवासी कल्याण से जुड़े कार्यों की जानकारी दी जायेगी।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि प्रदर्शनी 15 नवम्बर तक आमजन के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। इसमें आठ पेनल्स के माध्यम से सरकार की आदिवासी कल्याण से जुड़ी गतिविधियों के बारे में बताया गया है।

इस दौरान जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका तिलानिया, जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. हरिशंकर आचार्य, अतिरिक्त मुख्य अभियंता धीर सिंह गोदारा, राजीविका के जिला परियोजना प्रबंधक दिनेश मिश्रा, जिला परिषद के आईईसी कोऑर्डिनेटर गोपाल जोशी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

जनजातीय गौरव दिवस मनाया : बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2021 में इस दिवस को जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के लिए घोषित किया था। इस अवसर पर कुलगुरू प्रोफेसर अखिल रंजन गर्ग ने अपने संदेश में कहा कि इस जयंती के माध्यम से आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान और भारत की स्वतंत्रता में उनके महत्व को सम्मान दिया जा सके।

यह दिन भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष में मनाया जाता है, जो भारत के एक महान आदिवासी नेता और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था। इस दिवस का उद्देश्य जनजातीय समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पहचान को बढ़ावा देना, उनका उत्सव मनाना और भावी पीढ़ियों को उनके बलिदानों के बारे में जागरूक कराना भी है।

यूसीईटी प्राचार्य डॉ परबन्त सिंह संधु ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदायों के योगदान और उनकी विरासत को मान्यता देना और उनका उत्सव मनाना इसका एक प्रमुख उद्देश्य है।

यह दिन आदिवासी कला, संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। संचालिका डॉ अनु शर्मा ने कहा कि उनकी 150वीं जयंती के अवसर पर 1 से 15 नवंबर तक 'जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा' मनाया जाता है।

इस पखवाड़े में, विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, संस्कृति और योगदान का सम्मान किया जाता है। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बाद लिया। संचालक जय भास्कर ने कहा कि उन्होंने 19वीं शताब्दी के अंत में आधुनिक झारखंड और बिहार के आदिवासी क्षेत्रों में ब्रिटिश शासन के दौरान एक भारतीय आदिवासी धार्मिक सहस्त्राब्दि आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कई आदिवासी आंदोलन किए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भावी पीढ़ियों को उनके बलिदानों के बारे में जागरूक कराना भी है। अंत में डॉ प्रीति पारीक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

5200 लीटर अवैध डीजल सहित दबोचा

बज्जू, (कासं)। पुलिस ने नगरासर गांव में अवैध रूप से डीजल बेचते हुए एक मोबाइल पंप टैंकर जब्त किया है। पुलिस ने इस मामले में चालक हेतराम को गिरफ्तार किया और टैंकर से 5200 लीटर ज्वलनशील पदार्थ बरामद किया।

यह कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम और पेट्रोलियम अधिनियम के तहत की गई है। कोलायत सीओ संग्रामसिंह ने बताया कि एएसआई ओमप्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी। नगरासर में टीम ने एक मोबाइल पंप टैंकर से ज्वलनशील पदार्थ बेचते हुए एक व्यक्ति को देखा। पुलिस को देखते ही आरोपी ने नोजल बंद कर भागने का प्रयास किया, जिसके बाद उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

पूछताछ में आरोपी ने डीजल बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने बताया कि 6000 लीटर क्षमता का यह टैंकर पूरी तरह भरा हुआ था। जिसमें से करीबन 800 लीटर चालक द्वारा बेचना पाया गया हैं। सार्वजनिक स्थान पर बिना वैध अनुमति के पेट्रोलियम पदार्थ बेचना अपराध की श्रेणी में आता है। जब्त किए गए टैंकर को बज्जू लाया गया, जहां जांच में उसमें 5200 लीटर ज्वलनशील पदार्थ पाया गया। इसके नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं।

सार-समाचार

एसआईआर कार्य का निरीक्षण

बीकानेर, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने गुरुवार को बीकानेर पूर्व एवं पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य की समीक्षा की और प्रत्येक तकनीकी कार्मिक द्वारा किए जा रहे अपडेशन के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि आईटी टीमें पारियों में नियमित रूप से कार्य करते हुए गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य में गति लाएं। यह कार्य निर्वाचन विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप होना चाहिए। इसके लिए सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी भी नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने गणना प्रपत्रों के वितरण, मैपिंग आदि की जानकारी भी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी स्थिति में लापरवाही और ढिलाई नहीं हो। इस दौरान अतिरिक्त कलक्टर (नगर) रमेश देव, सहायक कलेक्टर रणजीत बिजारणिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पीबीएम अधीक्षक डॉ घीया का सम्मान

बीकानेर, (कासं)। खत्री मोदी समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र वर्मा, पीबीएम अधीक्षक डॉ बी. सी. घीया, प्रोफेसर आर. डी. मेहता का अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में ट्रोमा सेंटर निदेशक डॉ बी. एल. खजोटीया, सीएमओ डॉ एल. के. कपिल, डॉ जितेंद्र आचार्य शामिल थे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा पीबीएम हॉस्पिटल ट्रोमा सेंटर में पोस्ट ऑपरेशन वार्ड के लिए 10 नग बैड गद्दे और 20 पंखे भेंट किए गए। कार्यक्रम में संस्था के श्योदान सिंह, राजा अग्रवाल, अशोक खेमाणी, शिव शंकर मोदी, शिवजी मोदी, डॉ. गोपीनाथ मोदी, दिनेश मोदी, डॉ अजय कपूर सहित गणमान्य उपस्थित शामिल थे। कार्यकर्ताओं द्वारा पीबीएम में सहायता का संकल्प व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में ट्रोमा सेंटर निदेशक डॉ बी. एल. खजोटीया, सीएमओ डॉ एल. के. कपिल ने आभार प्रकट किया।

सैनेटरी शोरूम से लाखों की चोरी

श्रीगंगानगर, (कासं)। हनुमानगढ़ रोड स्थित सैनेटरी शोरूम के शटर तोड़कर कैश व सैनेटरी का कीमती सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। चोर रात को शोरूम का शटर-शीशा तोड़कर अंदर घुसे और वारदात को अंजाम दिया।चोरी करने के बाद चोर शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी ले गए। लेकिन वारदात एक अन्य दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसमें चोर दिखाई दे रहे हैं। मामला सदर थाना क्षेत्र का है। पुलिस को दी रिपोर्ट में शोरूम के मालिक योगेश गोयल (42) निवासी 01-अ-10 जवाहर नगर श्रीगंगानगर ने बताया कि श्रीगंगानगर में हनुमानगढ़ रोड पर स्थित अंधविद्यालय के पास सैनेटरी शोरूम है। शोरूम में सैनेटरी का महंगा सामान रखा जाता है। रात को चोरों ने शोरूम में धावा बोल दिया और शोरूम के शटर-शीशे तोड़कर अंदर घुसे। इसके बाद गल्ले में रखे 2 लाख 50 हजार कैश, सैनेटरी का महंगा सामान और सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर चोरी कर ले गए। लेकिन वारदात शोरूम के पास स्थित बाहर एक अन्य दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। इसमें चोर सड़क क्रॉस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। सुबह जब शोरूम का मालिक दुकान पर आया तो देखा कि शोरूम का शीशा टूटा हुआ था और अंदर से चोरी हो चुकी थी। इसके बाद उसने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और जांच शुरू कर दी। मामले की जांच हेड कॉन्स्टेबल सत्यनारायण कर रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुट गई है।

अनुप्रति कोचिंग योजना में आक्षेपपूर्ति आज

बीकानेर, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में आक्षेपपूर्ति आज की जा सकेगी। इस योजना में विभागीय स्तर से आवेदन पत्रों की जांच के बाद शैक्षणिक दस्तावेजों की कमी पूर्ति के लिए कुछ आवेदन पत्रों को आक्षेपित किया गया था। ऑब्जेक्शन दूर करने का काम 14 नवम्बर तक किया जा सकेगा।

थानाधिकारी समेत 6-पुलिसकर्मियों पर खुद के ही थाने में एफआईआर

- होटल संचालक से बंधी मांगने का आरोप
- सभी पर धमकी देकर एक लाख रूपए हड़पने जैसे गंभीर आरोप

बीकानेर, (कासं)। जिले के खाजूवाला पुलिस स्टेशन में थाना इंचार्ज सहित 6 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें एक हैड कॉन्स्टेबल और 4 कांस्टेबल शामिल भी हैं। इन सभी पर धमकी देकर एक लाख रूपए हड़पने जैसे गंभीर आरोप लगाये गए हैं। हालांकि जिसने आरोप लगाए, वह अभी खुद जेल में है।

चक 25 बीडी निवासी राजेन्द्र सिंह पुत्र हरीसिंह ने खाजूवाला थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार प्रजापत, हैड कांस्टेबल ईश्वर सिंह, कांस्टेबल रामकुमार, मुकेश, रामनिवास, मोनू सिंह के साथ ही स्थानीय निवासी प्रेम शर्मा पर गंभीर आरोप लगाये हैं। एफआईआर में बताया है कि चक 7 एस.एस.एम में उसका होटल शिवशक्ति है। एक जुलाई 2025 को सुबह 7:15 बजे वह अपने होटल पर बैठा था। तब ये सभी पुलिस की गाड़ी में होटल पहुंचे। उसे कहा गया कि तू थाने नहीं आ रहा है, न ही तू थाने की बंधी पहुंचा रहा है।

अपने खिलाफ पूर्व में दर्ज सभी मुकदमों को झूठा बताते हुए नाजायज रूप से तंग करने की बात कही तो पुलिसकर्मी नाराज हो गए। यहां तक कहा कि बंधी उच्च अधिकारियों को पहुंचानी पड़ती है। इस दौरान होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर अपने साथ ले गए। बाद में साथ में आए पुलिसकर्मी ने मामला शांत करने के लिए एक लाख रूपए की डिमांड रखी। शिकायतकर्ता खुद जेल में है। पुलिस के अनुसार राजेंद्र सिंह निवासी वार्ड नंबर 1 खाजूवाला और रमेश नाथ निवासी चक 18 केजेडी पीएस खाजूवाला को 2 दिन पहले 11 नवम्बर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इन दोनों के कब्जे से अवैध शराब जब्त की थी।

बिजली चोरी पर कसा शिकंजा : बिजली चोरी पर लगाम लगाने के लिए बीकानेर इलेक्ट्रिक सप्लाई लिमिटेड (बीकेईएसएल) ने बुधवार को भुट्टो का बास इलाके में बड़ी कार्रवाई की। कंपनी की टीम ने शहर पुलिस की मौजूदगी में इलाके के लगभग 70 उपभोक्ताओं के घरों के अंदर लगे मीटरों को नियमानुसार बाहर लगाये और कटी-फटी केबल्स को बदला। इस क्षेत्र में हर महीने करीब एक लाख यूनिट बिजली की चोरी की जा रही थी, जिससे कंपनी को लाखों रूपए का नुकसान हो रहा था।

होटल में हुक्का बार, महिला सहित दो गिरफ्तार

- नयाशहर और गंगाशहर में 150 पुलिसकर्मियों ने मारी रेड, ड्रोन से की निगरानी

बीकानेर, (कासं)। जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस ने अचानक छापेमारी की। इस दौरान एक होटल के केबिन से लड़के और लड़कियों को निकाला तो हुक्का बार से बड़ी मात्रा में सामान जब्त किया। नयाशहर पुलिस ने एक महिला सहित दो जनों को गिरफ्तार किया है।

एडिशनल एसपी सौरभ तिवाड़ी और थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी के नेतृत्व में पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। व्यास कॉलोनी के एक कथित रेस्टोरेंट पर पुलिस ने छापेमारी की। इस रेस्टोरेंट में पुलिस पहुंची तो वहां से लड़के और लड़कियां भागते नजर आए। वहीं कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में भी लिया है। इसी कॉलोनी में पुलिस एक हुक्का बार पर छापेमारी की। एक बार के नीचे बने अंडरग्राउंड में हुक्का बार चल रहा था। पुलिस टीम ने रेड मारकर सामान को जब्त किया है। हालांकि पुलिस को यहां कुछ आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। पुलिस ने नशीली सामग्री की बिक्री की आशंका में कार्रवाई की थी। लेकिन नशा नहीं मिला। नयाशहर पुलिस ने भी बीकानेर में कई जगह एक साथ छापेमारी की। पुलिस ने जम्भेश्वर नगर, प्रताप बस्ती, भाटों के बास में छापा मारा। इस दौरान 120 जवानों ने ड्रोन का भी सहयोग लिया ताकि कोई भाग न सके। पुलिस ने तीन बाइक जब्त की। अवैध रूप से रखी गई एमडी भी बरामद की है।

बीकानेर में 15-16 को जुटेंगे देशभर के 300 कैंसर विशेषज्ञ

- हिमेटोलॉजी और बोनमैरो पर नेशनल कांफ्रेंस में होंगे शामिल, डॉक्टर्स इस दौरान बीकानेर में हिमेटोलॉजी और बोनमेरो कैंसर से जुड़े कई मुद्दों पर अपने रिसर्च पेपर की जानकारी देंगे

बीकानेर, (कासं)। देशभर के तीन सौ से ज्यादा कैंसर रोग विशेषज्ञ 15 व 16 नवम्बर को बीकानेर में रहेंगे। ये डॉक्टर्स इस दौरान बीकानेर में हिमेटोलॉजी और बोनमेरो कैंसर से जुड़े कई मुद्दों पर अपने रिसर्च पेपर की जानकारी देंगे। दोनों अलग अलग सब्जेक्ट्स पर पहली बार डॉक्टर्स एक मंच पर आकर अपनी बात कर रहे हैं।

आचार्य तुलसी रीजनल कैंसर ट्रीटमेंट एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट की ओर से बीकानेर के पीबीएम अस्पताल परिसर की ओर से हिमेटोलॉजी एवं बोनमैरो ट्रांसप्लांट पर दो दिवसीय कॉन्क्लेव का आयोजन 15 और 16 नवम्बर को किया जायेगा। विभिन्न विभागों के 15 से अधिक सेशन में देशभर के विषय विशेषज्ञ प्लेटलेट्स की कमी, बोनमैरो जांच, ब्लड कैसर की शीघ्र पहचान और गर्भावस्था में हिमेटोलॉजिकल जटिलताओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा करेंगे। आयोजन सचिव डॉ. पंकज टांटिया ने बताया कि यह सम्मेलन रेजिडेंट डॉक्टर्स, प्रैक्टिसिंग चिकित्सकों और मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए नवीनतम शोध एवं अपडेट्स की जानकारी प्रदान करने का एक उपयोगी मंच साबित होगा।

डॉ. टांटिया की अगुवाई में गठित आयोजन समिति ने इस कांफ्रेंस की तैयारियों को अंतिम रूप दिया है। इसके माध्यम से बीकानेर एक बार फिर हिमेटोलॉजी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख केंद्र बनेगा। सम्मेलन में 300 से अधिक डॉक्टर्स हिस्सा लेंगे। इसमें बोन मैरो स्लाइड की जांच, इंटरप्रिटेशन और ब्लड कैंसर की शीघ्र रिपोर्टिंग पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। सम्मेलन में हिमेटोलॉजिस्ट एवं रक्त कैंसर विशेषज्ञ डॉ. एम.बी. अग्रवाल (मुंबई) भी भागीदारी निभाएंगे और प्लेटलेट्स की कमी पर व्याख्यान देंगे। यह समस्या स्त्री एवं प्रसूति रोग, मेडिसिन और सर्जरी विभागों में आम है, जहां ऑपरेशन के दौरान जटिलताएं उत्पन्न होती हैं। इसके अलावा, पैथोलॉजी की प्रसिद्ध किताबों के लेखक डॉ. तेजिंदर सिंह बोन मैरो जांच और ब्लड कैंसर की शीघ्र पहचान पर अपनी बात बताएंगे और 'टाइम इज लाइफ' का महत्व समझाया जायेगा।

विशेषज्ञ पैनल में बोनमैरो ट्रांसप्लांट स्पेशलिस्ट डॉ. राहुल भार्गव (गुड़गांव फोर्टिस) शामिल होंगे। डॉ. भार्गव द्वारा हजार से अधिक ट्रांसप्लांट किए गए हैं। वे गर्भावस्था में हिमेटोलॉजिकल समस्याओं और उनके निवारण पर चर्चा करेंगे।

पशुओं में हड्डियों व फैक्चर नई तकनीक से करने पर प्रशिक्षण

- पशुओं में आर्थोपेडिक ट्रेनिंग का समापन

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर के सर्जरी एवं रेडियोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आर्थोपेडिक ट्रेनिंग संपन्न हुई।

ट्रेनिंग के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. टी.के. गहलोत शामिल हुए व सभी प्रतिभागियों से ट्रेनिंग के विषय पर चर्चा की व उनका उत्साह बढ़ाया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. हेमंत दाधीच ने सभी आयोजनों व प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। ट्रेनिंग में नेपाल सहित भारत के अन्य आठ राज्य पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, गुजरात, पंजाब, हरियाणा व राजस्थान के 21 पशुचिकित्सकों ने हिस्सा लिया। ट्रेनिंग में बड़े पशुओं में हड्डियों, जोड़ो, टेंडन व मांसपेशियों में होने वाले विभिन्न विकारों के क्लीनिकल व एक्स-रे द्वारा निदान एवं सर्जरी द्वारा विभिन्न उपचार व फैक्चर में उपयोग में आने वाली विभिन्न सर्जिकल तकनीक बोन प्लेटिंग, के-नेलिंग, इंटरलाकिंग नेलिंग, इंटरामेडुलेरी पिनिंग, वाइरिंग व फ्रेक्चर को बाहरी सपोर्ट से स्थिर करने के लिए उपयोग में होने वाली वॉकर स्पलिंट, हैंगिग पिन कास्ट, प्लास्टर और फाइबर ग्लास उपयोग ट्रेनिंग के दौरान करके सिखाया गया।

इसके अतिरिक्त इन पशुओं में विभिन्न ऑर्थोपेडिक स्थितियों में दिये जाने वाले लोकल एवं जनरल एनस्थिसिया विधियों के बारे में भी बताया गया। सभी प्रतिभागी पशु चिकित्सकों ने ट्रेनिंग के दौरान बताया गई विभिन्न विधियों को उनके कार्यक्षेत्र में बहुत ही उपयोगी बताया व भविष्य में भी ऐसे ही अन्य विषयों पर ट्रेनिंग आयोजित करने की जरूरत बताई। ट्रेनिंग के दौरान विभिन्न विधियों की कार्यप्रणाली के उपयोग के बारे में डॉ. प्रवीण बिश्नोई, डॉ. साकार पालेचा मौजूद थे। डॉ. पंकज कुमार थानवी, डॉ. अशोक डांगी, डॉ. अनिल कुमार बिश्नोई, डॉ. महेंद्र तंवर व डॉ. रूचि पटवा द्वारा बताया गया।

NAME CHANGE AFFIDAVIT

SUDHIR TODWAL Son of SATYA NARAYN TODWAL Resident of A-12, KARNI NAGAR PAWNPURI BIKANER

Do Hereby solemnly affirm and declare as under:-

1. That I am citizen of India
2. That in the Passport bears the name of mine SUDHIR KUMAR TODWAL
3. That by mistake my neme has been mentioned as SUDHIR KUMAR TODWAL instead of SUDHIR TOD WAL IN THE SAID DOCUMENTS.
4. THIS IS ALSO TO CATEGORICALLY STATE that my correct name is SUDHIR TODWAL
5. That I ther for request the Concerned authorities to may please update and rectify my name as SUDHIR TODWAL
6. That I am enclosing a self-attested copy of Aadhar Card as a proof of my correct name.
7. That my above statements are true and correct.

DEPONENT

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025/4494 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 13-11-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 40/45 के किला नं. 13,14 में भूखण्ड संख्या को माप 15'गुणा 50'फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक **श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री राम नारायण निवासी 1 ए सेतिया फार्म, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक **श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री राम नारायण निवासी 1 ए सेतिया फार्म, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 40/45 के किला नं. 13,14 में भूखण्ड संख्या का माप 15'गुणा 50'फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025/4491 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 12-11-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 40/45 के किला नं. 13,14 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0'' गुणा 50'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक **श्री सुनील मेहन्दीरत्ता पुत्र श्री भूपेन्द्र कुमार निवासी 1 ए सेतिया फार्म, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक **श्री सुनील मेहन्दीरत्ता पुत्र श्री भूपेन्द्र कुमार निवासी 1 ए सेतिया फार्म, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 40/45 के किला नं. 13,14 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0'' गुणा 50'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 12.11.2025

श्री सुभाष चन्द्र वधवा पुत्र श्री मुन्शी राम निवासी 30 मॉडल कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा नीचे वर्णित भूमि में से अपने अधिकार को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 23.3.1995 के द्वारा क्रय कर आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार प्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	पट्टे का विवरण	भूमि का विवरण	आवेदित भूमि का क्षेत्रफल
श्रीगंगानगर	पट्टा सं. 66 दिनांक 13.12.1984 को अध्यक्ष श्रीगंगानगर सार्वजनिक गृह निर्माण सहकारी समिति श्रीगंगानगर के नाम से भू-रूपान्तरण विभाग, श्रीगंगानगर द्वारा जारी किया हुआ है।	चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 30/32 के किला नं. 9,10 में भूखंड माप 4690 वर्गगज श्रीगंगानगर	माप 32 इन्दू 50 फीट

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर सुधार अधिनियम 1959 की धारा 60 सी के अधीन पूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तद्नुसार निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज जारी की गयी। Rajkaj Ref. No. 18757616 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर